महत्वपूर्ण एवं खास

जिले में 452.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

रायगढ़। चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 31 जुलाई तक 452.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 35.3 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। आज एक दिन में सबसे ज्यादा रायगढ़ में 85.3 मि.मी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 582.9 मिली मीटर, पुसौर में 528.6, खरसिया में 441.7, घरघोड़ा में 422, तमनार में 398.8, लैलूंगा में 391.3, मुकडेगा में 467.8, धरमजयगढ़ में 338.3 छाल में 466.7 एवं कापू में 485.5 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

आंगनबाड़ी में रिक्त पदों के लिए 21 अगस्त तक मंगाए गए आवेदन

रायगढ़। एकीकृत बाल विकास परियोजना लैलूंगा अंतर्गत मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के लिए 8 एवं आंगनबाड़ी सहायिका के 6 रिक्त पदों के लिए 21 अगस्त 2024 तक आवेदन मंगाए गए है। इच्छुक आवेदिका अपना आवेदन नियत तिथि तक कार्यालयीन अवधि में कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना लैलूंगा, जिला-रायगढ़ में सीधे अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से भेज सकते है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन कर सकते है।

भारतीय वायु सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु पंजीयन के लिए 4 अगस्त तक मंगाए गए आवेदन

रायगढ़। भारतीय वायु सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु अविवाहित युवक एवं युवतियों से ऑनलाईन आवेदन 4 अगस्त 2024 तक मंगाए गए है। जिसके लिए कम्प्यूटर परीक्षा 18 अगस्त से प्रारंभ होगी। पूर्व में जारी आवेदन की प्रारंभिक तिथि में वृद्धि करते हुए अब 4 अगस्त तक की बढ़ायी गई है। जिला रोजगार अधिकारी, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि अग्निवीर वायु हेतु अविवाहित उम्मीदवार का जन्म 3 जुलाई 2004 से 3 जनवरी 2008 (दोनों तिथि सम्मिलित)के मध्य हुआ हो। आवेदक केन्द्रीय/केन्द्र शासित/ राज्य के मान्यता प्राप्त बोर्ड से इंटरमिडिएट 10+2 अथवा समकक्ष परीक्षा में कुल योग का न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण हो। पुरूष आवेदकों की न्यूनतम ऊंचाई 152.5 सेमी एवं महिला आवेदकों के न्यूनतम ऊंचाई 152 सेमी होना आवश्यक है। आवेदक का वजन, ऊंचाई एवं उम्र के अनुरूप होना आवश्यक है। पुरूष आवेदकों हेतु सीना 77 सेमी तथा 5 सेमी का विस्तार आवश्यक है।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों का काउंसिलिंग 2 एवं 3 अगस्त को

रायगढ़। रायगढ़ जिला अंतर्गत संचालित 4 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 वीं हेतु जारी जिला स्तरीय मेरिट सूची के आधार पर एकलव्य विद्यालयों में प्रवेश हेतु कलेक्टोरेट कार्यालय रायगढ़ के सृजन सभाकक्ष में काउंसिलिंग का आयोजन होगा। काउंसिलिंग 2 अगस्त को सरल क्रमांक 1 से 250 तक एवं 3 अगस्त 2024 को सरल क्रमांक 251 से 500 तक समय सुबह 11 से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। संबंधित विद्यार्थी उक्त तिथि, समय एवं स्थान में आवश्यक दस्तावेजों सहित उपस्थित हो सकते हैं। इस काउंसिलिंग में विद्यार्थियों को एकलव्य विद्यालयों में प्रवेश हेतु मौका दिया जाएगा। विद्यार्थियों को अपने दस्तावेजों की जांच करानी होगी और प्रवेश के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूरी करनी होगी। समयावधि पश्चात प्राप्त अभ्यावेदन पर एकलव्य विद्यालयों में प्रवेश हेतु कोई विचार नहीं किया जाएगा, इसलिए विद्यार्थियों को समय पर उपस्थित होना आवश्यक है।

जलभराव वाले क्षेत्रों में प्राथमिकता से चलाएं राहत अभियान, कलेक्टर गोयल नगर निगम और नगर सेना को दिए निर्देश

- केलो बांध से जल स्तर और पानी छोड़ने की लगातार करें निगरानी
- नदी का बहाव तेज लोगों से सावधानी बरतने की अपील
- कलेक्टर गोयल ने चक्रपथ का निरीक्षण कर अधिकारियों से ली जानकारी, दिए जरूरी दिशा-निर्देश

रायगढ़

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने शहर में जल भराव से राहत के लिए नगर निगम और नगर सेना की टीम को मुस्तैदी से काम करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने केलो डैम से पानी छोड़े जाने के बाद चक्रपथ का निरीक्षण कर अधिकारियों से राहत कार्यों के बारे जानकारी ली।

कलेक्टर गोयल ने नगर निगम आयुक्त से जल भराव वाले इलाकों में पानी खाली किए जाने के बारे में जानकारी ली। आयुक्त सुनील चंद्रवंशी ने बताया कि अधिक प्रभावित क्षेत्रों में टीमें सुबह से काम पर लगी हैं। नालियों से पानी निकासी के साथ ही जरूरत के हिसाब से मोटर पंप से भी पानी खाली करने की तैयारी है। कलेक्टर गोयल ने कहा कि बारिश के साथ जहां पानी निकासी में समस्या हो रही है ऐसे इलाकों में प्राथमिकता से कार्य करें। इसके साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन से अधिकारियों और स्वास्थ्य विभाग की ड्यूटी प्रभावित इलाकों में राहत एवं बचाव कार्यों के लिए लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बारिश से राहत के साथ ही जल जनित रोगों से बचाव के लिए भी प्राथमिकता के साथ काम किया जाना है।

कलेक्टर गोयल ने ईई केलो परियोजना को निर्देशित किया कि केलो बांध में पानी की आवक और छोड़े जा रहे पानी पर नजर रखें। बांध से



आवश्यकतानुसार ही पानी छोड़ा जाए। बांध से जल निकासी की दर बढ़ानी हो तो सभी संबंधित अधिकारियों को तत्काल सूचित करें। हमारा प्रयास होना चाहिए कि संतुलित रूप से पानी छोड़ा जाए, जिससे चक्रपथ डूबने या शहर में बाढ़ जैसे हालात न हों।

इस दौरान एडीएम संतन देवी जांगडे, नगर निगम आयुक्त सुनील कुमार चंद्रवंशी, एसडीएम प्रवीण तिवारी, डिप्टी कलेक्टर रेखा चंद्रा, ईई केलो मनीष गुप्ता, डीएसपी यातायात रमेश चंद्रा, जिला सेनानी नगर सेना बी.कुजूर, ईई पीडब्ल्यूडी अमित कश्यप, तहसीलदार लोमश मिरी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

पानी का बहाव तेज, नदी के करीब जाने से बचें, युवाओं से खास अपील रील्स के लिए जान जोखिम में न डालें

कलेक्टर गोयल ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि नदी में पानी का बहाव तेज है, इसलिए किसी भी स्थिति में नदी के करीब बिल्कुल न जाएं। चक्रपथ, मरीन ड्राइव और तटीय इलाकों में सड़क के ऊपर पानी होने से आवागमन बिल्कुल न करें। कलेक्टर गोयल ने युवाओं से खास अपील करते हुए कहा कि नदी के करीब जाकर सोशल मीडिया पोस्ट या रील बनाने से बचें। किसी भी प्रकार का रिस्क न लें और जान जोखिम में बिलकुल न डालें।

बांधों के हालात पर रखी जा रही नजर- कलेक्टर गोयल ने कहा कि केलो डैम के अलावा दूसरे बांधों में जलस्तर पर नजर रखी जा रही है। ओडिसा में हीराकुद बांध के जलस्तर को लेकर भी लगातार समन्वय जारी है। वहां अभी जल स्तर 186.49 मीटर पर है जो खतरे के निशान से नीचे है।

भारी बारिश के चलते केलो डैम के 4 गेट खोले जा रहे, चक्रपथ में जलस्तर बढ़ने की संभावना

रायगढ़। बीती रात से हो रही भारी बारिश के चलते केलो डैम से जल निकासी के लिए 4 गेट खोले जा रहे हैं। इस बारे में जानकारी देते हुए ईई केलो परियोजना मनीष गुप्ता ने बताया कि केलो के 4 गेट 25-25 सेमी खोले जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि केलो डैम से छोड़ा जा रहा पानी नदी के रास्ते निकल जायेगा हालांकि पानी के बहाव के चलते मरीन ड्राइव और चक्रपथ और नदी से लगे मार्गों में पानी भरने की संभावना हो सकती है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने नगर निगम आयुक्त, एसडीएम रायगढ़ और नगर पुलिस अधीक्षक को जरूरी ऐहतियाती इंतजाम करने के लिए निर्देश किया है। उन्होंने लोगों से मरीन ड्राइव और चक्रपथ से आवाजाही के दौरान सतर्कता बरतने और सतह पर पानी आने पर वहां से आवागमन न करने की अपील की है। इसके साथ ही पानी के तेज बहाव को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से नहाने या किसी अन्य प्रयोजन से नदी में नहीं उतरने की भी अपील लोगों से की गई।

रायगढ़ एसपी और सीएसपी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा, पुसौर पुलिस को चौकन्ने रहने के दिए निर्देश

- ग्रामीणों को बाढ़ आने पर राहत शिविर में जाने की दिए समझाइश, बताए प्रशासन और पुलिस करेगी पूरी मदद

रायगढ़

दिनांक 31.07.2024 के सुबह पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला, थाना प्रभारी पुसौर रोहित बंजारे व उनके स्टाफ के साथ थाना पुसौर क्षेत्र अंतर्गत बाढ़ प्रभावित गांवों का भ्रमण किया गया। पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी पुसौर रोहित बंजारे को क्षेत्र के पंच, सरपंच से नियमित संपर्क में रहने व अतिवर्षा होने पर बाढ़ प्रभावित गांवों के लोगों को प्रशासन द्वारा चिन्हित किये गये राहत शिवरों में लेकर जाने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने ग्राम सुरजगढ़, चंघोरी, सिंगपुरी, खपरापाली तथा उड़ीसा बॉर्डर पर स्थित अंतिम गांव ककईमहान में चौपाल लगाकर रहवासियों से चर्चा किया गया, उन्हें बाढ़ आने पर बरतने वाली सावधानियों की जानकारी दिए और अभी नदी की ओर नहीं जाने की समझाइश दिए। पुलिस को पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था के लिए प्रशासन व पुलिस बल मुस्तैद है। जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, यह कंट्रोल रूम 24 घंटे संचालित है इस कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 07762-223750 है। इसके अतिरिक्त थाना प्रभारी पुसौर के मोबाइल नंबर 9479193225 पर संपर्क कर सकते हैं। चौपाल में चर्चा दौरान पुलिस अधीक्षक ने पुलिसकर्मियों के ग्राम भ्रमण आदि की जानकारी ली गई तथा उन्हें किसी प्रकार की शिकायत अथवा समस्या होने पर निजी रूप से संपर्क करने बताए। इस दौरान नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला, थाना प्रभारी पुसौर रोहित बंजारे, सहायक उप निरीक्षक उमाशंकर विश्वाल व थाना पुसौर के स्टाफ मौजूद थे।

जलभराव से राहत के लिए नगर निगम की टीमें प्रभावित इलाकों में जुटी

रायगढ़

शहर में बीती रात से भारी बारिश के चलते कई जगहों पर जल भराव की स्थिति निर्मित हुई है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने नगर निगम आयुक्त सुनील कुमार चंद्रवंशी को प्रभावित इलाकों में आपदा राहत कार्यों के लिए निर्देशित किया है।

नगर निगम की टीम सुबह 07 बजे से ही प्रभावित इलाकों में जल निकासी की व्यवस्था बनाने में जुटा हुआ है। नगर निगम आयुक्त सुनील कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि नगर निगम अधिकारी-कर्मचारी सहित सफाई अमले सहित 200 से अधिक लोगों को टीमों में बांटकर काम किया जा रहा है। 4 जेसीबी और 1 पोकलेन भी लगाई गई हैं। शहर में वार्ड नंबर 02 धांगरडीपा, वार्ड नंबर 03 संजय मैदान के पीछे, खेत पारा, बंगला पारा, भगवानपुर, वृंदावन कॉलोनी के पीछे, पैठु डबरी इलाकों में पानी निकासी की व्यवस्था के लिए टीमें काम कर रही है। जिससे जल भराव की समस्या को दूर किया जा सके।

नगर निगम आयुक्त चंद्रवंशी ने बताया कि धांगरडीपा, पैठू डबरी, खेत पारा, रेलवे अंडर ब्रिज में निकासी की व्यवस्था बना कर जल जमाव दूर किया गया है। विनोबा नगर और मोदी नगर में जल निकासी के लिए काम किया जा रहा है। जहां नालियों से पानी निकालने की व्यवस्था में दिक्कत होगी वहां पम्प के माध्यम से पानी खाली करने की तैयारी भी रखी गई है। उन्होंने आगे बताया कि अभी पूरे शहर में जहां-जहां जल भराव की स्थिति है उसे दूर करने के लिए कार्य किया जा रहा है। लोगों को यदि शिफ्ट करने की जरूरत हुई तो सामुदायिक भवनों में उसकी तैयारी भी रखी गई है।

जिला स्तरीय विज्ञान-गणित क्विज प्रतियोगिता आयोजित

- शा.पीएमश्री नटवर इंग्लिश स्कूल हिन्दी माध्यम प्रथम

रायगढ़

कलेक्टर कार्तिकेय गोयल एवं सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव के निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी तरशिला एक्का एवं जिला मिशन समन्वयक नरेंद्र कुमार चौधरी के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय विज्ञान-गणित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन आज शासकीय पीएम नटवर इंग्लिश स्कूल रायगढ़ के लेक्चर हाल में आयोजित किया गया। जिसमें प्रथम स्थान शासकीय पीएम नटवर इंग्लिश स्कूल (हिंदी माध्यम), द्वितीय स्थान शासकीय पीएम घरघोड़ा एवं तृतीय स्थान शासकीय पीएम विद्यालय लैलूंगा ने प्राप्त किया।

राज्य परियोजना कार्यालय समग्र से प्राप्त पत्र के निर्देशानुसार राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत जुलाई माह में रायगढ़ जिले के 7 विकास खंडों में विकासखंड स्तरीय गणित-विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कर वहां से चयनित प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को एक प्रभारी शिक्षक के साथ आज के जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने हेतु निर्देशित किया गया था। भीषण बारिश के बाद भी सभी विकास खण्ड के प्रतिभागी बच्चे प्रतियोगिता में शामिल हुए। कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी आलोक स्वर्णकार ने बताया कि विद्यार्थियों से विज्ञान एवं गणित के अवधारणात्मक प्रश्नों से संबंधित प्रश्न पूछे गए जिसमें बच्चों ने पूरे उत्साह एवं रुचि के साथ भाग लिया। क्विज प्रतियोगिता तीन चरणों में पूरी की गई। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत आयोजित होने वाले या विज्ञान से संबंधित किसी भी प्रकार की जिला स्तरीय आयोजन में आने वाले बच्चों को राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत प्राप्त बजट से उनके आने-जाने-खाने का खर्च भी समग्र शिक्षा वहन करेगी। क्विज प्रतियोगिता से बच्चों में जी एवं नीट परीक्षा के प्रति उत्सुकता एवं जागरूकता भी बढ़ेगी।

कलेक्टर के निर्देशानुसार यह प्रतियोगिता प्रति माह आयोजित की जाएगी। जिसमें प्रतिमाह 20 तारीख तक विकासखंडों में आयोजित कराकर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भेजने के निर्देश विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को दिए गए हैं। एपीसी भुनेश्वर पटेल एवं भूपेंद्र पटेल ने अपने उद्बोधन में अधिक से अधिक बच्चों को इस प्रतियोगिता में शामिल करने हेतु प्रेरित करने को कहा। इस प्रतियोगिता से बच्चों की तार्किक एवं बौद्धिक क्षमता तथा आत्मविश्वास का भी विकास होना उन्होंने बताया। उन्होंने बताया कि जुलाई, अगस्त, सितंबर, अक्टूबर एवं नवंबर माह में इसी प्रकार की जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कर दिसंबर माह में मेगा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी रायगढ़ जिले में किया जाएगा। आज के जिला स्तरीय की प्रतियोगिता का संचालन डॉ.नरेंद्र पर्वत, विकास मिश्रा, मेघा अग्रवाल के द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि भविष्य में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय उच्च प्रतियोगिता को और भी ज्यादा हाईटेक करते हुए डिजिटल प्लेटफॉर्म का भी उपयोग किया जाएगा। आभार प्रदर्शन सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी डीपी पटेल ने किया।

उर्वरक स्कंध में अनियमितता पाये जाने पर एक संस्थान पर हुई कार्यवाही

- उर्वरक विक्रय पर 21 दिनों के लिए किया गया प्रतिबंध

रायगढ़

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने जिले में कृषकों को खाद बीज एवं कीटनाशक की सुगमता पूर्वक गुणवत्तायुक्त उपलब्धता बनाये रखने के निर्देश दिए हुए है। उक्त निर्देश के परिपालन में आज एसडीएम रायगढ़ प्रवीण तिवारी एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रायगढ़ अभिषेक पटेल के द्वारा संयुक्त रूप से अनुभाग रायगढ़ के अन्तर्गत ग्राम कोतरा का निरीक्षण किया गया। जिसमें उर्वरक विक्रय संस्थान मेसर्स शंकर ट्रेडिंग कंपनी के द्वारा पॉस मशीन में उर्वरक, भौतिक स्कंध में से कम होना पाया गया जो कि उर्वरक व्यवसाय के नियमों के विपरीत है। एसडीएम एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के द्वारा पॉस स्कंध से अधिक भौतिक रूप से उपलब्ध उर्वरक 2.00 टन म्यूरेट आफ पोटाश (एमओपी) के संबंध में संबंधित संस्थान को अभिलेख प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया एवं उक्त संस्थान पर 21 दिनों के लिए उर्वरक विक्रय पर प्रतिबंध की कार्यवाही की गई है। कलेक्टर के निर्देशानुसार ऐसे निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे ताकि उर्वरक व्यवसाय में पारदर्शिता और नियमों का पालन सुनिश्चित हो।

गैंग बनाकर तमनार-घरघोड़ा क्षेत्र में बाइक चोरी करने वाले 6 आरोपियों को तमनार पुलिस ने पकड़ा, आरोपियों में एक नाबालिग भी शामिल

- आरोपियों से चोरी की 7 बाइक और स्कूल से चुराई बैटरी व यूपीएस बरामद
- आरोपियों की गिरफ्तारी से तमनार थाने के 3 चोरी के अपराधों का भी हुआ खुलासा
- जिले में बीएनएस की नई "संगठित अपराध" की धाराओं पर पहली कार्रवाई

रायगढ़

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने सभी थाना, चौकी प्रभारियों को सूचनातंत्र सुदृढ़ कर माल मुल्जिम पतासाजी का निर्देश दिया गया। निर्देशों के पालन में उप पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक आर्शीवाद राहटगांवकर द्वारा चोरी/नकबजनी के मामलों में माल-मुल्जिम की पतासाजी की जा रही थी जिसमें तमनार पुलिस को सुने मकानों में सेंधमारी और बाइक चोरी में सक्रिय गिरोह के 06 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। आरोपियों से पुलिस ने चोरी के 05 बाइक, एक बैटरी, एक युपीएस और आरोपियों की 02 बाइक को बरामद कर जप्त किया गया है, आरोपियों की गिरफ्तारी से थाना तमनार में 03 आपराधों का खुलासा हुआ है।

जानकारी के मुताबिक 29 जुलाई 2024 को थाना तमनार में बाइक चोरी की दो रिपोर्ट आयी। रिपोर्टकर्ता के अनुसार ग्राम ढोलनारा के धनीराम पटेल के किराए मकान के सामने खड़ी दो बाइक – (1) बजाज पल्सर क्रमांक CG 16 CQ 8615 (2) अपाचे क्रमांक CG 16 CM 7232 बजाज पल्सर को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है, चोरी की रिपोर्ट पर क्रमशः अपराध क्रमांक 200, 201 धारा 305, 331(4) भारतीय न्याय संहिता के तहत दर्ज कर माल मुलाजिम की पतासाजी में लिया गया। माल मुल्जिम पतासाजी के दरमियान थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर द्वारा घटनास्थल से आरोपियों के भागने के संभावित मार्ग के सीसीटीवी फुटेज चेक किए गए, एक पेट्रोल पंप के सीसीटीवी फुटेज में संदेही नजर आए जिसकी पुष्टि रिपार्टकर्ता एवं मुखबीरों से की गई।

तत्काल डीएसपी अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर तमनार पुलिस की टीम द्वारा संदेहियों की धरपकड़ कर हिरासत में लिया गया। आरोपी प्रमोद राठिया, मुरली सिदार, पृथ्वी चौहान, अर्जुन सिदार अनुराग राठिया और अपचारी बालक ने मिलकर 27 जुलाई की रात्रि बाइक चोरी करना स्वीकार किये। आरोपियों ने बताया कि वे अपने पल्सर RS 200 और पैशन प्रो बाइक से ग्राम ढोलनारा गए जहां एक मकान के अंदर खड़ी बाइकों को चेक किये बजाज पल्सर और अपाचे बाइक का हैंडल लॉक नहीं था जिसे ढुलाते 02 बाइक चोरी कर ले गये। आरोपियों ने अपने स्वीकारोति बयान पर इसके पूर्व ग्राम छर्राटांगर (पूंजीपथरा) के मेले से, घरघोड़ा तथा एनआर इस्पात (घरघोड़ा) से बाइक की चोरी करना बताये जिन्हें आरोपियों द्वारा ढोलनारा से मुडागांव जाने वाले मार्ग पर खंडहर बिल्डिंग के अंदर छिपा रखे थे, पुलिस ने आरोपियों से चोरी की 05 बाइक काला रंग स्प्लेंडर बिना नंबर, लाल रंग का टीवीएस अपाचे, बजाज डिस्कवर बिना नंबर, एक लाल रंग का पल्सर, एचएफ डीलक्स बिना नंबर तथा आरोपियों द्वारा बाइक चोरी में प्रयुक्त पल्सर आरएस 200 और एक पैशन प्रो बाइक की जप्ती की गई है। आरोपियों ने बताया कि इसके पूर्व वे ग्राम सराईडिपा स्कूल से एक बैटरी और यूपीएस चोरी किए थे। इस संबंध में थाना तमनार में अपराध क्रमांक 382/2023 धारा 457, 380 आईपीसी कायम है। आरोपियों के मेमोरेंडम पर एक बैटरी और यूपीएस की भी जप्ती की गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी से थाना तमनार के 3 अपराध का खुलासा हुआ है। आरोपियों द्वारा गिरोह बनाकर वारदातों को अंजाम देने से बीएनएस की नई धारा 112(2) विस्तारित की गई है जो जिले में पहली कार्रवाई तमनार पुलिस द्वारा की गई है।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं उप पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर, सहायक उप निरीक्षक खेमराज पटेल, प्रधान आरक्षक संतोष कुर्रे, देव राठिया आरक्षक भीष्देव सागर, भूपेश राठिया की विशेष भूमिका रही है।

गिरफ्तार आरोपी -

(1) प्रमोद राठिया पिता देव सिंह राठिया उम्र 22 साल निवासी कोलम थाना तमनार

(2) मुरली सिदार पिता रतन सिदार उम्र 19 साल निवासी कोलम थाना तमनार

(3) पृथ्वी चौहान पिता पुरुषोत्तम चौहान 19 वर्ष निवासी सराईडिपा थाना तमनार

(4) अर्जुन सिदार पिता गजाधर सिदार उम्र 19 साल निवासी चिर्रामुडा थाना तमनार

(5) अनुराग राठिया पिता अबीर सिंह राठिया उम्र 23 साल निवासी ग्राम बनई थाना घरघोड़ा जिला रायगढ़

(6) विधि के साथ संघर्षरत बालक

आरोपियों से जप्त संपत्ति- 07 बाइक, एक बैटरी और यूपीएस जुमला कीमती – करीब ढाई लाख रूपये।

चोरी की 05 बाइक-(i) काला रंग स्प्लेंडर बिना नंबर, (ii) लाल रंग का टीवीएस अपाचे, (iii) बजाज डिस्कवर बिना नंबर, (iv) एक लाल रंग का पल्सर, (v) एचएफ डीलक्स बिना नंबर तथा आरोपियों द्वारा बाइक चोरी में प्रयुक्त पल्सर आरएस 200 और एक पैशन प्रो बाइक। एक बैटरी और यूपीएस।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480